

महाकुम्भ 2025

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 31 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


## डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार ली अमेरिकी राष्ट्रपति की शपथ

# ट्रंप का फैसला : WHO से बाहर, थर्ड जेंडर अमान्य, ब्रिक्स को धमकी



**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शपथ लेते ही अमेरिकी प्रशासन में व्यापक फेरबदल शुरू कर दिया है और कई बड़े फैसले लिए हैं। ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले संबोधन में कहा है कि अमेरिका के 'स्वर्ण युग' का अवतरण आज से हो गया है। उन्होंने अमेरिका में थर्ड जेंडर को अमान्य घोषित कर दिया है।

अपने भाषण में 78 वर्षीय ट्रंप ने अगले चार वर्षों के लिए अपना विजन प्रस्तुत किया। ट्रंप ने 20 जनवरी को अमेरिका के लिए 'मुक्ति दिवस' की घोषणा की और कहा कि 'अमेरिकी पतन' का समय समाप्त हो गया है और वह 'बहुत जल्दी' बदलाव लाएंगे।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का स्वर्णिम युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फलेगा-फूलेगा और पूरी दुनिया में फिर से सम्मान प्राप्त करेगा। ट्रम्प ने कहा कि वे ऐसा अमेरिका बनाएंगे जिससे दूसरे देशों को जलन होगी, अब हम लोग दूसरे देशों को फायदा नहीं उठाने देंगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)



अमेरिका के उपराष्ट्रपति की शपथ लेते जेडी वेंस।





भारत की ओर से शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शिरकत की।

## ट्रंप के शपथ लेते ही शेयर बाजार क्रैश

**मुंबई ( एजेंसी )।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शपथ के बाद आज जब शेयर मार्केट खुला तो दोनों इंडेक्स ग्रीन जोन में खुले। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 200 अंक से ज्यादा चढ़कर कारोबार करता नजर आया, तो वहीं निफ्टी में भी पिछले बंद की तुलना में उछाल के साथ कारोबार शुरू हुआ। लेकिन कुछ ही मिनटों में ये शुरुआती तेजी हवा हो गई और Sense&- Nifty गिरावट के साथ लाल निशान पर ट्रेड करते दिखे महज घंटेभर के कारोबार के बाद ही Stock Market Crash हो गया और सेंसेक्स 800 अंकों से ज्यादा का गोता लगा गया।

सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर मार्केट में बढ़त के साथ कारोबार शुरू हुआ। BSE Sense& ने अपने पिछले बंद 77,073 के लेवल से चढ़कर 77,261.72 पर कारोबार शुरू किया, लेकिन ये तेजी महज कुछ मिनटों तक ही देखने को मिली, फिर अचानक सेंसेक्स टूटने लगा और 401.93 अंक से ज्यादा फिसलकर 76,671 के लेवल पर आ गया। यही नहीं ये गिरावट महज घंटेभर के कारोबार के दौरान ही और बढ़ गई। खबर लिखे जाने तक सुबह 10.15 बजे पर Sense& 834 अंक की गिरावट के साथ 76,239 के लेवल तक गिर गया. सेंसेक्स की तरह ही NSE Nifty की भी चाल अचानक बदल गई. 23,421 पर खुलने के बाद ये 210 अंक फिसलकर 23,127 के लेवल तक टूट गया।

## 1 लाख का ईनामी अरशद और उसके 3 साथी मुठभेड़ में ढेर

### शामली में मुठभेड़, फायरिंग में इंस्पेक्टर को लगी गोली




**शामली ( एजेंसी )।** यूपी पुलिस ने देर रात 1 लाख के ईनामी बदमाश के साथ चार बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया है। देर रात झिंझाना के उदपुर गांव के जंगल में एसटीएफ और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें मुस्तफा गैंग का एक लाख का इनामी अरशद और उसके तीन साथी गोली लगने से ढेर हो गए। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। बदमाशों की गोली लगने से इंस्पेक्टर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री भी जाएंगे महाकुंभ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ-2025 में जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को महाकुंभ जाएंगे। इसके अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 फरवरी के महाकुंभ में शामिल होंगे। महाकुंभ-2025 में शामिल होने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है।

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी प्रयागराज के महाकुंभ में शामिल होने के लिए जाएंगी। जानकारी के मुताबिक, 10 फरवरी को द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ जाएंगी।

इसके अलावा 27 जनवरी को



गृह मंत्री अमित शाह महाकुंभ में शिरकत करेंगे। गृह मंत्री के प्रोग्राम का शेड्यूल भी जारी किया जा चुका है। इसमें संगम स्नान, गंगा पूजन और अधिकारियों के साथ बैठक शामिल है। गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को देखते हुए यूपी पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

## महाकुंभ-2025 में जेवर एयरपोर्ट व फिल्म सिटी की दिखी झलक

### महाकुंभ में यीडा का पंडाल बना आकर्षण का केन्द्र

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर बन कर तैयार है, जहां से जल्द ही हवाई उड़ान शुरू होगी। वहीं नोएडा में इंटरनेशनल फिल्म सिटी भी जल्द ही स्थापित होने जा रही है। यही नहीं गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के साथ ही देश के सर्वाधिक 50 प्रतिशत से अधिक एक्सप्रेसवे के नेटवर्क वाला प्रदेश उत्तर प्रदेश बनने जा रहा है। इसके साथ प्रदेश के औद्योगिक (शेष पृष्ठ-3 पर)




## सीएनजी पंप पर हमला मारपीट व तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में जीटी रोड पर स्थित सीएनजी पंप पर कार सवार युवकों ने खुले पैसों के विवाद में कर्मचारी के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने सीएनजी पंप के ऑफिस में भी तोड़फोड़ की। इस संबंध में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दादरी जीटी रोड पर स्थित सिंह आईजीएल सीएनजी पंप के मैनेजर रतन सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 जनवरी की रात्रि को टेंपरेरी नंबर लगी एक वैगनआर कार पंप पर पहुंची। कार में तीन चार युवक सवार थे। सीएनजी भरवाने के बाद खुले पैसों को लेकर इनका पंपकर्मी मोनू से वाद विवाद हो गया। वाद विवाद के दौरान कार सवार युवकों ने लाठी डंडों से मोनू के साथ मारपीट शुरू कर दी। युवकों की पिटाई से बचने के लिए मोनू सीएनजी पंप के ऑफिस में घुस गया। आरोपी युवक उसके पीछे-पीछे (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर किया था कब्जा

### 4 महिलाओं समेत 12 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग करने के आरोप में चार महिलाओं सहित 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने यह मुकदमा दर्ज कराया है।

सर्किल 8 के सहायक प्रबंधक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम सलेमपुर गुर्जर में प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि है। इस भूमि पर राजेंद्र सिंह, श्रीमती ममता, श्रीमती सरिता देवी, प्रताप सिंह,




रामपाल सिंह, सतपाल सिंह, सुनील कुमा,र सतीश कुमार भाटी, संता सिंह, जय सिंह, श्रीमती सरस्वती, श्रीमती राजकुमारी ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। आरोपी प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर भवन निर्माण करा रहे हैं। पूर्व में प्राधिकरण के स्टाफ द्वारा कई (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कंस्ट्रक्शन साइट पर करते थे चोरी, दो दबोचे

### फर्जी नंबर वाली वैगनआर बरामद

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कंस्ट्रक्शन साइटों पर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो चोरों को थाना जारचा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से फर्जी नंबर प्लेट लगी एक वेगनर कार, सरिया के टुकड़े, पाइप व चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए दोनों बदमाश फर्जी नंबर प्लेट लगी गाड़ी से कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंचते थे और चोरी कर फरार हो जाते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम समाना नहर के पास संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी की दो चोर वैगनआर कार में चोरी का सामान लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने हापुड़ की तरफ से आ रही एक कार को रुकवाया। कार मैं बैठे युवकों की तलाशी लेने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्लॉट की चारदीवारी तोड़ी, तीन पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना कासना में एक व्यक्ति ने अपने प्लॉट की चार दिवारी तोड़ने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी जबरन उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्राम सिरसा निवासी जोगेंद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका ग्राम लडपुरा में 376 वर्ग गज का एक प्लॉट है। उसने इस प्लॉट की चारदीवारी कर कमरा बनाया हुआ है। बीते 4 अगस्त को मानसिंह, प्रदीप व चार-पांच अज्ञात लड़के उसके प्लॉट पर पहुंचे और जेसीबी से चार दिवारी को तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान किसी व्यक्ति ने उसे फोन कर इस बात की जानकारी दी। हरिद्वार में होने के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## इंस्टाग्राम पर युवती के गलत फोटो डाले, मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 में एक युवती ने अपने पूर्व परिचित युवक के खिलाफ उसे सोशल साइट पर बदनाम करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि युवक अपनी इंस्टाग्राम आईडी से उसके गलत फोटो अपलोड कर रहा है।

सेक्टर-73 में रहने वाली कामिनी काल्पनिक नाम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मूल रूप से सहारनपुर की ब्रिज विहार



कॉलोनी का रहने वाला बसंत सैनी उसका पूर्व परिचित है। बसंत सैनी अपनी इंस्टाग्राम आईडी से उसकी गलत फोटो को अपलोड कर रहा है। इसके अलावा वह उसके जानकार व (शेष पृष्ठ-3 पर)


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses


## घर में घुसकर जानलेवा हमला, 6 नामजद

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर में 6 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम धनोरी खुर्द निवासी सुरेंद्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके भतीजे विकास, रोहित व ललित बाजार से सामान लेने जा रहे थे। इस दौरान गांव के लड़कों ने उनके साथ मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर उसके भतीजो को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। इस घटना के बाद विशाल, प्रशांत, विनीत, विकास, पुनीत, विकास आदि ने उसके घर पर हमला बोल दिया। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से अवैध असलाह से तीन फायर किए (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शादी में बुलाकर दो भाइयों को पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में तीन लोगों के खिलाफ मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपियों ने युवक को शादी में अपने घर बुलाकर मारपीट की। युवक को बचाने जब उसका भाई मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम बंबावड़ निवासी मनीष नागर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम कुड़ी खेड़ा निवासी हनी शर्मा ने 20 जनवरी को उसके भाई मनोज नागर को अपने घर शादी में बुलाया था। देर रात्रि हनी प्रशांत व अतुल ने उसके भाई मनोज के साथ मारपीट की। इस बात की जानकारी मिलने पर जब उसका छोटा भाई मुकेश, मनोज को बचाने के लिए पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर (शेष पृष्ठ-3 पर)

### भाजपा नोएडा महानगर में

## इनमें से किसी एक के सिर बंधेगा अध्यक्ष पद का सेहरा!



मनोज गुप्ता | संजय बाली | महेश चौहान | उमेश त्यागी | मनीष शर्मा | गणेश जाटव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी में नोएडा महानगर अध्यक्ष के पद को लेकर घमासान तेज है। इसी सप्ताह हाईकमान द्वारा जिलाध्यक्ष तथा नोएडा महनगर अध्यक्ष के नामों का ऐलान होना तय माना जा रहा है। सभी दावेदारों ने पद पाने के लिए अंतिम ताकत झोंक दी है।

बता दें कि वैसे तो नोएडा महानगर अध्यक्ष पद के लिए करीब 35 लोगों ने आवेदन किये हैं। लेकिन पार्टी के सूत्रों की मानें तो अध्यक्ष पद की कवायद सिर्फ 6 लोगों के इर्द-गिर्द ही चल रही है। इसमें जिन नामों पर चर्चा चल रही है उनमें मुख्य तौर पर मनोज गुप्ता, संजय बाली, महेश चौहान, उमेश त्यागी, मनीष शर्मा तथा गणेश जाटव के नाम हैं। प्रदेश स्तर के चंद पदाधिकारी सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि पार्टी किसी वैश्य, ब्राहमण, ठाकुर तथा जाटव दावेदारों में से किसी एक पर मोहर लगा सकती है। इस मामले में जिले के जनप्रतिनिधियों से भी राय शुमारी की गई है। सभी कार्यकर्ता अब अध्यक्ष पद की घोषणा को लेकर बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर आज लखनऊ में बैठक है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश चुनाव अधिकारी डा. महेन्द्र नाथ पांडेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया तथा अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके बाद संभावत: 2-3 दिनों में अध्यक्ष पद की घोषणा हो जाएगी।

उधर जनपद गौतमबुद्धनगर गजेन्द्र मावी, अभिषेक शर्मा, योगेश चौधरी के नामों पर चर्चा चल रही है। इनमें से किसी एक के सिर अध्यक्ष पद का सेहरा बंध सकता है। बता दें कि जिलाध्यक्ष के लिए 31 लोगों ने आवेदन किया था।



(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)



कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

# विधायक धीरेन्द्र सिंह ने दिए लोगों को साइबर क्राइम से बचने के मंत्र

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** देश में सामने आ रही लगातार डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी की घटनाओं को लेकर आज दिनांक 20 जनवरी 2025 को जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह और जनपद गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने जेवर विधानसभा के कस्बा जेवर में स्थित प्रज्ञान पब्लिक स्कूल में आयोजित साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और क्षेत्र के लोगों से सावधानी बरते जाने हेतु चर्चा की।




भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की ज्यादातर योजनाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से प्राप्त हो रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लाभार्थियों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं, जिससे लाभार्थी सभी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। आज हम चैटजीटीपी के माध्यम से सभी जानकारियां मोबाइल से ही प्राप्त कर सकते हैं। समय के इस बदलाव के साथ-साथ हमारे लिए बहुत सारी थ्रेट भी साइबर अपराध के माध्यम से हमें देखने को मिलेंगी। आज कल बहुत सारी फेक कॉल्स आपके मोबाइल पर आ रही हैं, जिसमें डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी आदि अनेकों साइबर संबंधी कॉल्स आपको फसाने का प्रयास कर सकती हैं। इस लिए हमें जागरूक होना पड़ेगा।

इस मौके पर जनपद गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने कहा कि भारत सरकार का गृह मंत्रालय साइबर क्राइम को रोकने और आपको सुरक्षित करने के लिए नए-नए प्रयोग कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी साइबर अपराध को लेकर नागरिकों को जागरूकता जैसी कार्यशालाएं संचालित कर रही है। यह युग संचार क्रांति का युग है। अब पूरी दुनिया आपकी मुट्ठी में आ गई है। आपके एक छोटे से मोबाइल ने आपकी दुनिया को रातों-रात बदलकर रख दिया और जो चीज असंभव और अकल्पनीय थी, वह आज संभव और गांव-गांव पहुंच चुकी है। बच्चों आपका संसार बहुत तेजी से बदलने वाला है। साइबर अपराध के बारे में जानना और जागरूकता बहुत जरूरी है। आपके भविष्य की दुनिया तकनीक के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी।

इस मौके पर पूर्व आईपीएस और साइबर क्राइम के एक्सपर्ट त्रिवेणी सिंह ने भी कहा कि आपके मोबाइल पर अनजाने नंबर से कोई कॉल्स या लिंक आए तो आप सावधानी बरते और पैसों की बात आने पर आप अलर्ट हो जाएं।

# भाकपा कार्यकर्ताओं ने मांगे वोट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बदरपुर विधानसभा सीट पर सीपीआई (एम) उम्मीदवार जगदीश चंद को विजई बनाने के लिए माकपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर मांगे वोट- गंगेश्वर दत्त शर्मा



दिल्ली। बदरपुर विधानसभा क्षेत्र से भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के उम्मीदवार कामरेड जगदीश चंद्र शर्मा को विजय बनाने के लिए माकपा कार्यकर्ता जोरदार तरीके से प्रचार अभियान चला रहे हैं, उक्त अभियान के तहत आज भी कई इलाकों में सीपीआई (एम) दिल्ली एनसीआर राज्य कमेटी के नेता कामरेड आशा शर्मा, कविता शर्मा, गंगेश्वर दत्त शर्मा, सुनंद, पीवी अनियन, सोनिया, बदरपुर कमेटी के नेता मलखान सैफी, उत्कर्ष, रिक्तता, शफीक, बोबी , फ़रिदौस, अनिता, मनजीत, रीना, आशा यादव, आदि के नेतृत्व में अलग-अलग कई टीमों ने जोरदार तरीके से चुनाव प्रचार कर बदरपुर में दल बदलू अवसरवादी राजनीति को हराने जल, जमीन और जीविका की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए बदरपुर विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई (एम) उम्मीदवार कामरेड जगदीश चंद को भारी मतों से विजय बनाने की अपील किया।

# लघुशंका करने पर टोका तो घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** खुले में लघुशंका कर रहे नशे में धुत लोगों को टोकना युवक को महंगा पड़ा। आरोपियों ने गाली गलौज कर युवक के घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला किया और गला दबाकर मारने की कोशिश की। पीड़ित के भाई ने थाना एक्सप्रेसवे में चार नामजद सहित 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम वाजिदपुर निवासी विनोद सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 जनवरी की शाम को गांव की गली नंबर 5 में नशे में धुत्त कुछ लोग खुले में पेशाब कर रहे थे। उसके भाई यशपाल ने इन लोगों को खुले में पेशाब करने से मना किया तो युवक उससे उलझ गए और गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज करने के बाद युवक देख लेने की धमकी देकर वहां से चले गए। कुछ देर बाद एक कार से राहुल चौहान, शिवम चौहान, अभय चौहान सहित 6 अन्य अज्ञात लड़के लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और उसके भाई यशपाल को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोपियों ने यशपाल के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसके भाई का गला दबाकर उसे जान से मारने की कोशिश भी की गई। शोर शराबा सुनकर उनका भतीजा टीकम सिंह व सुशील मौके पर पहुंचे तो यशपाल जमीन पर बेहोश पड़ा हुआ था। टीकम सिंह व सुशील को देखकर हमलावर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल हुए यशपाल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाएगा जहां पता चला कि उसके शरीर पर काफी गंभीर चोटे हैं और उसके पैर की हड्डी भी टूट गई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर राहुल चौहान, शिवम चौहान, अभय चौहान, लाला सहित छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एसीईओ ने ज्ञापन का लिया संज्ञान, किया पी-4 का दौरा




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वी एस लक्ष्मी को किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने सैक्टर पी-4 की समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा था जिसका संज्ञान लेते हुए मैनेजर गरिमा सिंह जितेंद्र सिंह और संबंधित ठेकेदारों ने सेक्टर का दौरा किया। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव के कृष्ण नागर ने बताया कि आज सेक्टर की समस्याओं के संबंध में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मुलाक़ात की जिसमें मुख्य समस्या पेड़ों की छँटाई सेक्टर के पार्कों में टूटे पड़े झूले सड़कों पर टूटे पड़े सीवरों के ऊपर से ढक्कन पोलों में टूटे पड़े तार आवारा कुत्तों की समस्या आदि समस्याओं को लेकर समस्याओं से अवगत कराया मैनेजर गरिमा सिंह ने सभी संबंधित ठेकेदारों को आदेश जारी किया है कि एक सप्ताह के अंदर सभी समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा एक दो दिन में पेड़ों की छँटाई शुरू हो जाएगी और अन्य कामों पर जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा किसी भी काम में लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

इस मौक़े पर रूपेश वर्मा ब्रिज किशोर सिंह नमन तिवारी जितेंद्र भाटी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# 'युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक हैं डा.राही के काव्य'

**डॉ इन्द्रबहादुर सिंह**

(समीक्षक,साहित्यकार) मुम्बई द्वारा मेरी पुस्तकों को केन्द्र में रखकर यह पुस्तक डा कृष्णावतार त्रिपाठी राही के काव्य में



आंचलिक यथार्थ और लोक संस्कृति मेरे द्वारा उपलब्ध कराए जाने पर अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों में से कुछ समय निकालकर डॉ सूर्य प्रकाश पांडेय ने संक्षेप में यह विचार प्रस्तुत किया है---

सीता समाहित स्थल एवं पूरी दुनिया में कालीन नगरी के रूप में सुविख्यात भदोही जनपद में जन्मे साहित्य मनीषी एवं श्रेष्ठ लेखक श्री कृष्णावतार त्रिपाठी जी सरस्वती पुत्र होने के साथ ही कविता लेखन के श्रेष्ठ हस्ताक्षर हैं! संस्कृति पुरुष राही जी सरल सह व्यक्तित्व के धनी होने के साथ ही वर्तमान पीढ़ी के युवाओं हेतु एक रचनाधर्मी व्यक्तित्व हैं! राही जी के वैचारिकी एवं सृजनशीलता के केंद्र में ग्रामीण जीवन, किसान, स्त्री, प्रकृति, लोक संस्कृति, पर्यावरण, धर्म तथा समकालीन विमर्श के सभी पक्ष समाहित हैं! वर्तमान विश्व जहाँ एक ओर सभ्यताओं के संघर्ष में उलझा हुआ है, दया, करुणा, समता,ममता एवं संवेदना विहीन समाज निर्मित हो रहा है, जातिवाद, क्षेत्रवाद, नरसंहार, नैतिक मूल्यों का पतन, उपभोक्तावाद जहाँ अपनी पराकाष्ठा पर है,ऐसे में राही जी की साहित्यिक दृष्टि इन सभी चुनौतियों से लड़ने और दिशा देने के लिए एक श्रेष्ठ नैतिक भाव का प्रतीक बनकर हमारे सम्मुख उपस्थित है !इसके अतिरिक्त डॉ.राही जी के जीवन का विभिन्न आयाम भी आज की युवा पीढ़ी के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है, मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जितने आयाम और कौशल उन्होंने अपने व्यक्तित्व में समेट रखा है वह एक साधारण नहीं अपितु असाधारण व्यक्तित्व की पहचान है, चाहे वह एक श्रेष्ठ कवि की बात हो, समाजसेवी के रूप में,विद्वान अधिवक्ता के रूप में, पत्रकार, लेखक एवं सजग प्रहरी के रूप में समाज आपके अनुभव से लाभान्वित हो रहा है! यही कारण है कि राही जी को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, यह श्रृंखला ऐसे ही अविरल बढ़ती रहे और देश के प्रतिष्ठित पदम् पुरस्कार से सम्मानित हों !उम्र के 8 दशक सकुशल पूरा करने के बाद भी आपकी लेखनी ऐसे ही चलती रहे, आप इसी तरह यश एवं कीर्ति प्राप्त करें,इस शुभकामना के साथ आपका स्नेहिल

डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, सहायक प्रोफेसर, महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र टीवी पैनलिस्ट

# जुमलेबाजों की पार्टी है भाजपा : अवध ओझा

**नई दिल्ली/नोएडा।** पटपड़गंज विधानसभा से आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रहे देश के प्रसिद्ध शिक्षक अवध ओझा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जुमलेबाजों की पार्टी है।




उन्होंने भाजपा पर धर्म एवं जातिवाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जाति की राजनीति कर सत्ता में बने रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के लिए भाजपा कुछ भी करने को तैयार है। अवध ओझा ने कहा कि जनता अबकी बार भाजपा को उखाड़ फेंकेंगी। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कभी भी लोगों के विकास के बारे में नहीं सोचती। आज देश में बेरोजगारी महंगाई चरम पर है लेकिन इससे सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। सरकार केवल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हिन्दुत्व की बात कर लोगों को गुमराह कर रही है।


**Name Change**

This is to inform you that, I SUNEEL S/O DAYA CHANDA, have changed my name to SUNIL KUMAR S/O DAYA CHAND My Correct Date of Birth is 05/11/1970 Going forward, I will be known on the name of SUNIL KUMAR S/O DAYA CHAND.



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


# कांग्रेसी नेताओं ने दिल्ली में किया प्रचार



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य सतेन्द्र शर्मा एवं अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव गोकलपुर विधानसभा के ऑबजर्वर लियाकत चौधरी ने गोकुलपुर विधानसभा से काँग्रेस प्रत्याशी ईश्वर सिंह बागड़ी के साथ गंगा बिहार में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट की अपील की।

सतेन्द्र शर्मा ने बताया है कि दिल्ली में काँग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ रही है दिल्ली की मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित के कामों को जनता याद कर रही है। अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी ने कहा है कि जनता से झूठे वादे केजरीवाल सरकार ने किए है।

जनता माफ नही करेंगी अबकी बार दिल्ली की जनता ने कांग्रेस के साथ चलने का वादा किया है। इस अवसर पर बॉबी पंचाल, देवदत्त शर्मा, रवि तिवारी, अली हसन, गमन बागड़ी, रोहित सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**ट्रंप का फैसला...**

ट्रंप के बड़े फैसले-

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा कदम लेते हुए अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर कर लिया है। अब अमेरिका WHO का सदस्य नहीं रह गया है। इस फैसले की वजह से WHO पर भारी असर पड़ने वाला है। WHO को अमेरिका से मिलने वाली फंडिंग बंद हो जाएगी। इसका असर दुनिया भर में चल रही WHO की कई स्कीम पर पड़ने वाला है।

1- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) को 2020 में COVID-19 महामारी के प्रति अपने रवैये के लिए ट्रम्प की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा था. इसके अलावा ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका से लगभग 300 गुनी ज्यादा बड़ी आबादी होने के बावजूद चीन WHO को अमेरिका के मुकाबले 90 गुना कम फंड देता है। ट्रंप ने इसे अनुचित बताया था।

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को जलवायु परिवर्तन पर महत्वाकांक्षी पेरिस समझौते से भी हटने का फैसला किया है. ट्रंप ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जो उनके चुनावी वादे को पूरा करता है। ट्रंप ने कहा, 卐मैं अनुचित एकतरफा पेरिस जलवायु समझौते से तुरंत हट रहा हूं।

**2.फ्री स्पीच की पैरवी**

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पैरवी की है. डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें सरकारी एजेंसियों को अमेरिकियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न करने का निर्देश दिया गया।

कैपिटल वन एरिना में कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विश्वास करते हैं और हम इसे एक औजार के रूप में इस्तेमाल करने से रोकने के लिए इससे जुड़ा आदेश आज से इसे वापस ला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यकारी आदेश का उद्देश्य फेडरल सरकार द्वारा अमेरिकी लोगों पर सेंसरशिप को तुरंत समाप्त करना है।

ट्रंप के एक्जीक्यूटिव आदेश में कहा गया है कि 'गलत सूचना', 'दुष्प्रचार' और 'दुर्भावनापूर्ण सूचना' से निपटने की आड़ में पूर्व की संघीय सरकार ने पूरे अमेरिका में अमेरिकी नागरिकों के संवैधानिक रूप से दिए गये अधिकारों का उल्लंघन है. इसमें कहा गया है कि एक स्वतंत्र समाज में भाषण पर सरकारी सेंसरशिप असहनीय है।

3- राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्रिक्स देशों के समूह को धमकी दी है और कहा है कि अगर ये समूह अमेरिका विरोधी नीतियां लाता है तो उन्हें भी परिणाम भुगतना पड़ेगा और वे खुश नहीं रह पाएंगे। गौरतलब है कि ब्रिक्स में भारत भी शामिल है। ट्रंप ने कहा कि इन देशों ने अमेरिका के हितों के विपरित कई चीजें करने की कोशिश की, अगर ये देश आगे भी ऐसा करते रहते हैं तो फिर उनके साथ जो होगा उसके बाद वे देश खुश नहीं रह पाएंगे।

बता दें कि ट्रंप पहले ब्रिक्स की ओर से एक अलग करेंसी लाने का विरोध कर चुके हैं। ट्रंप की इस घोषणा के बाद ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से उसके टकराव बढ़ सकते हैं।

**कनाड़ा, मेक्सिको पर टैक्स**

ट्रंप ने कहा है कि वे कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लगा सकते हैं. हालांकि ये फैसला लगभग 10 दिन बाद एक फरवरी से लागू होगा. इस फैसले की वजह से कनाडा-मेक्सिको से अमेरिका आने वाले सामान पर बिजनेसमैन को 25 फीसदी टैक्स देना पड़ेगा। अगर ट्रंप ये फैसला लागू करते हैं तो अमेरिका का अपने पड़ोसियों के साथ ट्रेड वॉर शुरू हो सकता है। क्योंकि कनाडा ने भले ही कहा हो कि वो अमेरिका से सामान्य रिश्ते चाहता है लेकिन अगर ट्रंप टैरिफ बढ़ाते हैं तो कनाडा और मेक्सिको की सरकारों को भी यही कदम उठाना पड़ेगा।

**महाकुंभ-2025 में...**

विकास में 2017 के बाद से अब तक हुए कई क्रांतिकारी बदलाव एवं विकास से देश ही नहीं बल्कि विश्व के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को अवगत कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) एवं उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के पवेलियन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस दौरान मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की पहचान बीमारू राज्य के रूप में होती थी। जहां कानून व्यवस्था ध्वस्त थी। उद्यमी प्रदेश में उद्योग लगाने एवं निवेश करने से डरते थे। पलायन कर रहे थे। 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद प्रदेश की दशा और दिशा दोनों में बदलाव हुआ। आज उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। वहीं उत्तर प्रदेश निवेशकों का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के निर्माण से पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में विकास की एक नयी लहर आ गई है। साथ ही साथ यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक, संस्थागत योजनाओं से क्षेत्र व प्रदेश में रोजगार व विकास के नए अवसर सृजित हुए हैं।

यीडा के पंडाल में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बन रहे मेडिकल डिवाइसेज पार्क, सेक्टर 29 में विकसित किए जा रहे अपेरल पार्क, सेक्टर 33 में स्थापित टॉय पार्क, सेक्टर 10 व सेक्टर 28 में बनने वाले सेमी कंडक्टर पार्क, सेक्टर 32 व 33 की एमएसएमई, हैण्डीक्राफ्ट पार्क सहित सभी औद्योगिक सेक्टर्स की परियोजनाओं की प्रगति देखने को मिलेगी। पंडाल में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के भव्यता एवं दिव्यता से भी लोगों को परिचय कराया जाएगा, जो एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। जिसका उद्घाटन जल्द ही होने जा रहा है। साथ ही यहां पर सेक्टर 21 में स्थापित होने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी परियोजना की भी जानकारी लोगों को मिलेगी।

मैसर्स बेबव्यू भूटानी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही इंटरनेशनल फिल्म सिटी परियोजना का भव्य स्टाल भी दर्शाया गया है। जिसमें परियोजना के स्वरूप, डिजाइन आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। फिल्म सिटी परियोजना में विकाश कार्य जल्द ही शुरू होने वाला है। मंत्री नन्दी ने प्रियागोल्ड के स्टाल, पतंजलि के स्टाल का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्टाफ ऑफिसर नंदकिशोर सुन्द्रियाल, हरि प्रताप तहसीलदार, दामोदर मिश्रा भूटानी ग्रुप, शिवेंद्र मिश्रा, विवेकानंद मिश्रा, अंकित सिंह आदि उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पंडाल में उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेस प्रदेश बनने के सफर को दर्शाया गया है। जिसमें बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के साथ ही उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के प्रगति को दर्शाया गया है। देश में कुल एक्सप्रेसवे का सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य उत्तर प्रदेश किस प्रकार बनने जा रहा है। इस हकीकत को स्पष्टता से दर्शाया गया है। यूपीडा के पंडाल में उद्घाटन अवसर पर ओएसडी सुनील कुमार सिंह, इंद्र मोहन लाम्बा, एक्सईएन मनोज कुमार के साथ ही अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**1 लाख का ईनामी...**

सुनील कुमार घायल हो गए, जिनकी हालत को गम्भीर देखते हुए गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया गया।

सोमवार देर रात एसटीएफ मेरठ को सूचना मिली कि शामली के झिंझाना क्षेत्र में बदमाश लूट के इरादे से जा रहे हैं। सूचना पाते ही एसटीएफ मौके पर पहुंची। एसटीएफ के सूत्रों ने बताया कि उदपुर के ईंट भट्ठे के पास ब्रेजा कार सवारों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी बीच कार सवारों ने एसटीएफ टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। दोनों ओर से काफी देर तक फायरिंग होती रही। सहरानपुर के गंगोह के एक लाख के इनामी मुकीम और मुस्तफा उर्फ कग्गा गैंग का सदस्य अरशद गोली लगने से घायल हो गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

इसके अलावा अरशद का साथी सोनीपत का मंजीत और हरियाणा के मधुबन का रहने वाला सतीश और एक अन्य को भी गोली लगी। इन तीनों की भी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाते ही डीआईजी अजय साहनी, एसपी शामली रामसेवक गौतम मौके पर पहुंचे। बदमाशों के पास से पिस्टल, तमंचे भी बरामद किए गए हैं। वहीं बदमाशों की फायरिंग में इंस्पेक्टर सुनील कुमार को गोली लगी है। उन्हें गुरुग्राम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसटीएफ के अनुसार, सोनीपत के मनजीत को किसी मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई हुई है। वह पैरोल पर जेल से बाहर आया हुआ था। बाहर आने के बाद वारदातों को अंजाम दे रहा था। अब झिंझाना क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को करने की फिराक में बदमाश थे।

एसटीएफ के अनुसार, एक लाख के इनामी अरशद पर शामली के अलावा सहारनपुर, हरियाणा के पानीपत में भी लूट, हत्या और अन्य मामले दर्ज हैं।

**घर में घुसकर...**

और रोहित के सिर में कट्टे की बट मारकर उसे घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**कंस्ट्रक्शन साइट पर...**

पर चाकू बरामद हुआ। कार से सरिया के टुकड़े व लोहे के पाइप भी बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम साजिद व सगीर बताया। दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह कंस्ट्रक्शन साइट से लोहे के समान को चोरी करने की घटनाओ को अंजाम देते हैं। वह वैगनआर कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कंस्ट्रक्शन साइटों पर जाते हैं और वहां से लोहे के समान को चोरी कर रफूचक्कर हो जाते हैं। पकड़े गए आरोपियों ने चोरी की कई घटनाओ को अंजाम देना स्वीकार किया है।

**शादी में बुलाकर...**

घायल कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपी गाली गलौज कर रहे थे। घायल करने के बाद आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**सीएनजी पंप पर...**

ऑफिस में घुस आए और जमकर तोड़फोड़ की। मारपीट के बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए फरार हो गए। घायल मोनू को उपचार के लिए दादरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीएनजी पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज व कार के टेंपरेरी नंबर के आधार पर हमलावर युवकों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

**इंस्टाग्राम पर युवती ...**

परिचित लोगों को भी उसके गलत फोटो भेज रहा है। इस बारे में जब उसने बसंत सैनी से बात की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसने महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है इसके बावजूद भी बसंत सैनी लगातार उसे बदनाम कर रहा है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**प्लॉट पर चारदीवारी...**

कारण उसने इस बात की जानकारी अपनी पत्नी रेणु व पिता धर्मपाल को दी। उसकी पत्नी, पिता वह बेटा मौके पर पहुंचे तो वहां पर प्रदीप मानसिंह व अन्य लोग जेसीबी से चार दिवारी तोड़ते हुए मिले। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार कर अश्लील हरकत की। आरोपियों ने उसके वृद्ध पिता को भी धक्का देकर नीचे गिरा दिया। किसी तरह उसकी पत्नी,बेटा व पिता वहां से जान बचाकर भागे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी को रुकवा दिया।

जोगिंदर सिंह का आरोप है कि प्रदीप, मानसिंह का प्लॉट उसके प्लॉट के बराबर में है। आरोपी उसके बाउंड्री वॉल को तोड़कर उसके प्लॉट की जमीन को अपने प्लॉट में मिलाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मामले में न्यायालय में भी केस चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**प्राधिकरण की...**

बार निर्माण कार्य को रुकवाया गया लेकिन आरोपी देर सबेर यहां निर्माण कार्य करा रहे हैं। इस मामले में कई बार आरोपियों को चेतावनी भी दी गई लेकिन वह निर्माण कार्य कराने से नहीं रुक रहे हैं। इसके अलावा प्राधिकरण की अधिसूचित क्षेत्र की भूमि पर आरोपी प्लाटिंग भी कर रहे हैं। पुलिस ने सहायक प्रबंधक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# महाकुंभ-2025 श्रद्धालुओं को ठंड से बचाने के लिए की गई विशेष व्यवस्था

- महाकुम्भ में अलाव के लिए ऑनलाइन उपलब्ध होंगी लकड़ी
- 16 डिपो बनाए गए, नेट पर फायरवुड डिपो प्रयागराज टाइप करके खोज सकेंगे

**महाकुम्भनगर (ब्यूरो)।** महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को ठंड से बचाने के लिए योगी सरकार ने ऑनलाइन इंतजाम भी किया है। महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आने पाए इसके लिए उत्तर प्रदेश वन निगम ने अलाव की लकड़ी की व्यवस्था को भी ऑनलाइन कर दिया है। अब सभी लकड़ी डिपो को गूगल लोकेशन के जरिए आसानी से ढूंढा जा सकता है। फायरवुड डिपो प्रयागराज टाइप करके इन डिपो का स्थान सर्च किया जा सकता है।

### ● श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

डीएसएम प्रयागराज आरके चांदना ने बताया कि इसके लिए 16 डिपो स्थापित किए गए हैं। लकड़ी की कीमत 600 रुपये प्रति क्विंटल रहेगी। महाकुम्भ के दौरान बढ़ती हुई भीड़ और लकड़ी की आपूर्ति की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।



### 27,000 क्विंटल लकड़ी आपूर्ति का इंतजाम

उत्तर प्रदेश वन निगम के अनुसार, महाकुम्भ के दौरान लगभग 27,000 क्विंटल लकड़ी की आपूर्ति की तैयारी है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न डिपो से लकड़ी भेजी जाएगी। तीर्थयात्रियों को यह लकड़ी निर्धारित दर पर उपलब्ध होगी। महाकुम्भ के दौरान सभी डिपो पर लकड़ी की कीमत 600 रुपये प्रति क्विंटल होगी। सरकार की यह पहल न केवल श्रद्धालुओं को सहूलियत देगी, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इसे और भी आसान और सुगम बनाएगी।

### मोबाइल की नेविगेशन से भी निकटतम डिपो तक आसानी से पहुंच सकेंगे

महाकुम्भ क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अलाव की लकड़ी के लिए कुल 16 डिपो बनाए गए हैं। इनमें से कुछ प्रमुख डिपो सेक्टर 16 में स्थित हैं। यहां पर उत्तर प्रदेश वन निगम उचित मूल्य पर लकड़ी उपलब्ध करा रहा है। इन डिपो का स्थान इंटरनेट पर फायरवुड डिपो कीवर्ड के माध्यम से खोजा जा सकता है। इसके अलावा, मोबाइल फोन की नेविगेशन सुविधा का उपयोग करके कोई भी व्यक्ति निकटतम डिपो तक आसानी से पहुंच सकता है।





महाकुंभ में स्वच्छता के प्रेरणा स्रोत: समर्पित स्वच्छाग्रही और गंगा सेवा दूत, जो आस्था के साथ स्वच्छता का संदेश भी फैला रहे हैं। उनकी नि:स्वार्थ सेवा इस महापर्व को पवित्रता और स्वच्छता का प्रतीक बना रही है।

# गंदे जलापूर्ति व उपेक्षा से सेक्टर-104 की स्थिति नारकीय

## सीईओ के प्रयासों को पलीता लगा रहे हैं मातहत अधिकारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** शहर को नंबर-1 बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम जी-जान से जुटे हुए हैं पर लगता है नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को यह रास नहीं आ रहा है। नोएडा के पॉश सेक्टर-104 में पिछले कुछ दिनों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है जिससे निवासी परेशान है। निवासियों का आरोप है कि अधिकारी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है।

सेक्टर-104 के निवासी एडवोकेट गौरव अवाना ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से घरों में एकदम गंदा पानी आ रहा है। इसमें मिट्टी की मात्रा अधिक है। उन्होंने बताया कि पानी से बदबू भी आ रही है जिसका इस्तेमाल लोग घर के कार्य में भी नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में महिलाओं को भी खाना बनाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।





सेक्टर के एक निवासी ने बताया कि गंदे पानी की सप्लाई से सेक्टर के निवासियों की तबीयत पर भी असर पड़ेगा। क्योंकि इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आरओ से पानी ट्रीट होने के बाद भी पानी से बदबू आ रही है। लोग बाहर से पानी खरीद कर पीने को मजबूर हैं।

हाजीपुर गांव के निवासियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नोएडा प्राधिकरण के सफाई कर्मचारी हाजीपुर गांव के मुख्य रास्ते पर बने सामुदायिक केंद्र के बाहर कूडा डाल रहे हैं जिससे आसपास रहने वालों लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के निवासियों का कहना है कि जहां नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम शहर को स्वच्छ और नंबर वन बनाने में जुड़े हैं तो वहीं प्राधिकरण के अधिकारी कूड़ा फैलवा रहे हैं।

# कायस्थ सभा की कार्यकारिणी का होगा विस्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से घोषणा की है कि शीघ्र ही कायस्थ सभा की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा तथा नये सदस्यों को जोड़ा जाएगा। कायस्थ सभा

### सर्वसम्मति से दोबारा अध्यक्ष बने आरएन श्रीवास्तव ने की घोषणा

गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी की सभा ईशान म्यूजिक कॉलेज सेक्टर 12 में संपन्न हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी के चुनाव के संबंध में कार्रवाई की गई।



चुनाव अधिकारी विभूति कुमार सक्सेना तथा राजेश श्रीवास्तव ने यह घोषणा की कि वर्तमान में कायस्थ सभा गौतम बुद्ध नगर के 51 सदस्य वोट करने के लिए अधिकृत हैं। उपस्थित सदस्यों में सभी ने यह मत व्यक्त किया कि सभा का गठन हुए अभी 2 वर्ष ही हुए हैं तथा सभा के हित में यह उचित होगा कि आर एन श्रीवास्तव अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यरत कार्यकारिणी को ही पुन: कार्य करने का दायित्व दिया जाए। उपस्थित सदस्यों द्वारा विकल्प पत्र में सभी का यही मत होने के कारण चुनाव अधिकारी द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को पुन: निर्वाचित घोषित किया जाता है। सभी सदस्यों ने आर एन श्रीवास्तव अध्यक्ष और श्री विक्रम श्रीवास्तव महासचिव के नेतृत्व की सराहना करते हुए बधाई दी।

इस अवसर पर अध्यक्ष आरएन श्रीवास्तव ने नए कार्यकाल में सभा को और अधिक गतिशील बनाने की और विशेष तौर पर युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया। जिन कायस्थ लोगों ने देश समाज के हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं और उनको यथा योग्य सम्मानित किया जाएगा। महासचिव विक्रम श्रीवास्तव ने नई योजना बनाने के समय इन सुझावों को क्रियान्वित करने का आश्वासन दिया और सभी को धन्यवाद देते हुए सभा विसर्जित हो की गई।

# दो बाइक चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से चोरों ने दो बाइक चोरी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम जुनेदपुर निवासी सुभाष सिंह ने थाना सूरजपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 16 जनवरी की सुबह अपने किसी कार्य से सूरजपुर स्थित एसडीएम कार्यालय आया था। उसने अपनी बाइक अधिवक्ता चैंबरों के पास खड़ी कर दी और भीतर चला गया। एसडीएम कार्यालय में कार्य पूरा करने के बाद वह सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय में अपने मुकदमे की तारीख भुगतने के लिए गया। शाम के समय जब वह बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। इसी थाना क्षेत्र में कस्बा सूरजपुर निवासी सत्येंद्र सिंह ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि 5 जनवरी को वह अपने घर से देवला सब्जी लेने गया था। उसने अपनी बाइक मार्केट के बाहर खड़ी कर दी और बाजार में चला गया। कुछ देर बाद जब वह सब्जी लेकर वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी।

# शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लुटेरे के पास से लूटा गया मोबाइल फोन व तमंचा बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-112 के पास एफएनजी मोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान ककराला की तरफ से पुलिस को एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों को चैकिंग करता देखकर वह मुड़कर जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसे घेर कर पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा, कारतूस व मोबाइल फोन बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सूरज पुत्र मोहन बताया। सूरज ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर करीब 5 माह पूर्व एक कैब ड्राइवर को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बरामद मोबाइल उसी लूट की घटना का है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# ‘सर्दी में कानों को ठंडक से बचाने की लापरवाही दे रही ओटाइटिस मीडिया’

**नोएडा (चेतना मंच)।** सर्दी में कान संबंधित बीमारियां गंभीर हो



सकती हैं, लेकिन सही जानकारी, उचित सावधानी और समय पर इलाज से इन्हें रोका जा सकता है। यदि किसी को कान में दर्द, मवाद या सुनाई देने में समस्या हो, तो इसे अनदेखा न करें और विशेषज्ञ से परामर्श लें। याद रखें ठंड से बचाव और स्वच्छता कान को स्वस्थ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। फेलिक्स हॉस्पिटल के ईएनटी एक्सपर्ट डॉ कुंवर परवे ? का कहना है कि सर्दी का मौसम न केवल ठंड लगने और बुखार जैसी समस्याओं का कारण बनता है, बल्कि यह कान से संबंधित कई बीमारियों की संभावना भी बढ़ा देता है। सर्दी के दौरान कान में संक्रमण, दर्द, और बहरेपन जैसी समस्याएं आम हो सकती हैं। सर्दी के मौसम में सबसे

### कान में तेज दर्द, सुनने में कमी, खुजली, जलन, मवाद या तरल पदार्थ निकलने पर नहीं करे लापरवाही

आम कान से जुड़ी बीमारी है ओटाइटिस मीडिया। यह स्थिति तब होती है जब कान के बीच के हिस्से में संक्रमण या सूजन हो जाती है। इसके अलाव ओटाइटिस एक्सटर्ना (स्विमर इयर) और कान के अंदर मवाद या द्रव का भराव जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कान की बीमारियों के मुख्य कारण सर्दी के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।इसके अलावा नाक और गले के संक्रमण का प्रभाव कान तक पहुंच सकता है। साथ ही ठंड के मौसम में बढ़ी हुई धूल, परागकण और प्रदूषण से एलर्जी हो सकती है, जो कान को प्रभावित करती है। कान को ठीक से साफ न करने या बार-बार छेड़ने से बैक्टीरिया और फंगस का संक्रमण हो सकता है। जरूरी है कान में तीखी वस्तुओं का उपयोग न करें। लंबे समय तक संक्रमण के लक्षण नजर आएं तो डॉक्टर से संपर्क करें। ठंड में पानी से बचाव करें। समस्या होने पर आमतौर पर एंटीबायोटिक्स या एंटी-फंगल दवा ली जा सकती है। दर्द निवारक दवाएं जैसे पैरासिटामोल या इबुप्रोफेन दी जा सकती हैं। कान के पास हल्के गर्म कपड़े से सिंकाई करने से दर्द में राहत मिलती है। संक्रमण को ठीक करने के लिए डॉक्टर द्वारा निर्धारित इयर ड्रॉप्स का उपयोग किया जा सकता है। गंभीर मामलों में यदि मवाद या तरल पदार्थ जमा हो जाए तो मायरिंगोटॉमी या अन्य सर्जिकल प्रक्रियाएं की जा सकती हैं। घरेलू उपाय के तौर पर हल्का गर्म लहसुन का तेल कान में डालने से राहत मिल सकती है। भाप लेने से बंद नाक और कान में भरे दबाव से राहत मिलती है। कान में दो-तीन बूंद तुलसी का रस डालने से संक्रमण कम हो सकता है।

### लक्षण

- कान में तेज दर्द
- सुनने की क्षमता में कमी
- कान में खुजली या जलन
- कान से मवाद या पानी जैसा तरल पदार्थ निकलना
- सिरदर्द और चक्कर आना
- बुखार और थकान
- कान में भरा हुआ या दबाव महसूस होना

### बचाव के कुछ उपाय

- कानों को टोपी या मफलर से ढकें, ताकि ठंडी हवा सीधे कान में न जाए।
- सर्दी और नाक बंद होने पर तुरंत इलाज करें, संक्रमण कान तक न पहुंचे।
- सफाई के लिए केवल डॉक्टर की सलाह पर ईयर क्लीनिंग का उपयोग करें।
- नहाने या तैरने के बाद कान को सूखा रखें।
- धूम्रपान और प्रदूषण से कान के अंदर सूजन और संक्रमण का खतरा बढ़ता है।